हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 5.7 डिग्री

12 आईएएस संतोष को नौकरी से हटाए जाने की मांग



12 मिल्कधन कोटा में मस्जिद के मलबे को हटाने पर एतराज



## खबर संक्षेप

### अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप

**यमुनानगर।** शहर की कालोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की को हर्षित, प्रियांशु, हिमांशु व विनीत काफी दिनों से परेशान कर रहे थे। आरोपियों ने दो नवंबर से 25 नवंबर के बीच उसकी बेटी की अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपियों ने उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब उसकी लड़की को अपने दोस्तों के माध्यम से इस बारे पता चला तो उसने आरोपियों के खिलाफ महिला पुलिस थाने में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### वाहन चोर को प्रोडक्शन वारंट पर लाई पुलिस

**पानीपत।** जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट टीम इको गाड़ी चोरी करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी को शनिवार को तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। सोनीपत की बाबा कॉलोनी निवासी आरोपी मुकेश उर्फ विक्की वाहन चोरी के अन्य मामलों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद था। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि उनकी टीम ने गत दिनों इसके दो साथी आरोपियों सोनीपत के कतलुपुर गांव निवासी मंजीत व दिल्ली के नरेला स्थित स्वतंत्र नगर निवासी साहिल को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों ने फरार साथी आरोपी मुकेश उर्फ विक्की के साथ मिलकर सेक्टर 12 व सोनीपत के मुरथल से एक-एक इको गाड़ी चोरी करने की वारदात स्वीकार की थी।

कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव जारी

# वीकेंड पर उमड़ा पर्यटकों का सैलाब, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और हस्तशिल्प बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में वीकेंड पर पर्यटकों का भारी सैलाब उमड़ा, जिससे ब्रह्मसरोवर के पवित्र घाटों की शोभा कई गुना बढ़ गई। महोत्सव में देश भर से आए लोगों की भारी संख्या ने इस आयोजन को एक भव्य सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समागम का रूप दिया है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पर्यटकों के आने का सिलसिला लगातार बना हुआ है।

- गीता महोत्सव में लगे विभिन्न स्टालों पर पर्यटक जमकर कर रहे हैं खरीदारी

ब्रह्मसरोवर के घाटों पर दिन भर लोक कलाकारों द्वारा दी जा रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई हैं, जिन्हें देखने के लिए लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने महोत्सव के माहौल को जीवंत बना दिया है, जिससे यहाँ पहुँचने वाले हर आगंतुक को भारतीय लोक कलाओं के दर्शन हो रहे हैं। इसके साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों और हस्तशिल्पकारों द्वारा लगाए गए स्टॉल, भारतीय कला और संस्कृति की विविधता को प्रदर्शित कर रहे हैं। जिन पर लोग जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव न केवल गीता के शाश्वत संदेश का प्रसार कर रहा है, बल्कि भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को एक ही मंच पर लाने का एक सफल प्रयास भी साबित हो रहा है। गीता महोत्सव का यह मंच हमें अपने देश की विभिन्न संस्कृतियों को जानने और उससे आत्मसात होने का अवसर प्रदान करता है।

महोत्सव का यह मंच हमें धर्म, रंग, रुप, जाति, संप्रदाय से उपर उठकर एक साथ एकत्रित होने का अवसर प्रदान करता है। इसलिए सभी को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंचकर देश के विभिन्न रंगों से सजे स्टॉलों, घाटों, पवेलियन आदि का अवलोकन जरूर करना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में स्टॉल पर खरीदारी करते पर्यटक। फोटो : हरिभूमि

### विभिन्न देशों की संस्कृतियों को मिला बढ़ावा

*हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के ब्रह्मसरोवर पर गीता महोत्सव के इस पावन महोत्सव पर बहुत लोग दूर-दूर से आए है। कुछ लोग यहां मनोरंजन के लिए, तो कुछ लोग घुमने फिरने, तो कुछ लोग देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों को ब्रह्मसरोवर के तट पर नजर आने वाले अनोखे नजारें को देखने के लिए यहां पहुंच रहे है। विभिन्न राज्यों के पर्यटक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे अपने-अपने राज्यों के लोक नृत्यों का खूब आनंद ले रहे है और जमकर इन पर नृत्य भी कर रहे है। अहम पहलू यह है कि शिल्पकारों व कलाकारों के साथ-साथ यह पर्यटक भी अपने-अपने राज्यों की संस्कृति को बढ़ावा देने का काम भी कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आए कुछ पर्यटकों का कहना है कि भारत में इतनी संस्कृति मौजूद है, जिनमें से अधिकतर के बारे में तो गीता महोत्सव में आने के बाद ही पता चलता है और इन संस्कृतियों, इनके रीति-रिवाजों, खान-पान, रहन-सहन, पहरावे, लोक गायन व नृत्यों को देखने तथा उनके बारे में जानने का मौका मिलता है। आज के आधुनिक समय में हम अपने रीति-रिवाजों और संस्कृति को भूलते जा रहे है।*

## हरियाणा और मध्य प्रदेश के पवेलियन लोक संस्कृति से करा रहे रूबरू



कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में मध्य प्रदेश के पैवेलियन में प्रस्तुति देते कलाकार।

गीता महोत्सव-2025 में हरियाणा पैवेलियन और भागीदारी स्टेट मध्य प्रदेश पैवेलियन ने पर्यटकों को लोक संस्कृति, खान-पान और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराने का एक अद्भुत मंच प्रदान किया है। ये पैवेलियन पर्यटकों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लोक कला से सराबोर कर रहे हैं। साथ ही साथ दोनों पैवेलियन अपनी-अपनी सांस्कृतिक विरासतों को अन्य माध्यमों के द्वारा प्रदर्शित कर रहे हैं। जिससे देश के विभिन्न हिस्सों से आए पर्यटकों को उनकी जीवन शैली का अनुभव करने का शानदार मौका मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा पैवेलियन प्रमुख आकर्षणों में से एक है। यह पैवेलियन हरियाणा की समृद्ध संस्कृति को अपने भीतर समेटे हुए है। यहां आने वाले पर्यटक न केवल हरियाणा के इतिहास, संस्कृति, खान-पान और पहनावे के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि उन्हें प्रदेश के तौर-तरीकों से भी परिचित होने का अवसर मिल रहा है।

### सूचना केन्द्र बना बिछुड़ों का सहारा

**कुरुक्षेत्र।** गीता महोत्सव में जहां जनसंपर्क विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जहां महोत्सव में आने वाले पर्यटकों मिली, वहीं लोगों तक सूचनाओं का प्रसार करने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा बनाए गए सूचना केंद्र पर प्रतिदिन लोगों तक नवीनतम सूचनाएं पहुंचाई जा रही है। स्टाल नंबर-1 पर विभाग के कर्मचारियों ने उद्घोषणा के माध्यम से अब तक हजारों अनाउंसमेंट की है। विभाग के कर्मचारियों ने ऐसे बच्चों को जो अपने परिजनों से बिछड़ गए थे, उन्हें उनके परिजनों से मिलवाया जा रहा है। डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि इस सूचना केन्द्र पर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग महोत्सव में बिछड़े लोगों तक पहुंचने, सामान गुम होने इत्यादि के लिए अनाउंसमेंट करवा रहे हैं।

# श्रीमद्भगवत गीता की 5162वीं जयंती आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी का दिन अत्यंत पावन और पवित्र माना जाता है क्योंकि इसी दिन कुरुक्षेत्र के युद्धभूमि में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। इस दिव्य घटना की स्मृति में हर वर्ष गीता जयंती मनाई जाती है।



पंडित रामराज कौशिक।

गीता केवल एक धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के हर पक्ष पर प्रकाश डालने वाली ऐसी शिक्षाएं हैं जो पांच हजार वर्ष पहले जितनी प्रासंगिक थीं, आज भी उतनी ही प्रभावशाली हैं। इसलिए इसकी जयंती मनाने का उद्देश्य केवल पूजा करना नहीं, बल्कि गीता के संदेशों को जीवन में उतारना है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को गीता जयंती मनाई जाती है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि इस बार 1 दिसंबर को भगवान श्रीकृष्ण की ओर से अर्जुन को दिए गए दिव्य संदेश की 5162वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। यही तिथि मोक्षदा एकादशी के नाम से भी जानी जाती है।

> इस बार गीता जयंती का पर्व 1 दिसंबर सोमवार को मनाया जाएगा और मोक्षदा एकादशी का व्रत भी रखा जाएगा। गीता जयंती की एकादशी तिथि 30 नवंबर को रात 9 बजकर 29 मिनट पर शुरू होगी और समापन 1 दिसंबर को शाम 7 बजकर 01 मिनट पर होगा।

देशवासियों के सुख शांति और समृद्धि के लिए कामना

# उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कुरुक्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। उपराष्ट्रपति ने देशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए कामना की है।

अहम पहलू यह है कि मां भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश पंडित सतपाल महाराज ने परम्परा अनुसार उपराष्टद्दरपति सी पी राधाकृष्णन से पूजा अर्चना करवाई। उपराष्टपति सी.पी. राधाकृष्णन व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में पहुंचे। यहां पर उपराष्टद्दरपति सीपी राधाकृष्णन व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंत्रोच्चारण के बीच श्री देवीकूप की पूजा की और मां भद्रकाली के दर्शन कर प्राचीन परम्परा को निभाया और विशेष पूजा के साथ परिक्रमा कर चांदी के घोड़े मां भद्रकाली के चरणों में अर्पित किए। इसी दौरान अर्जुन कृत मंत्रों का जाप किया। पीठाध्यक्ष ने उपराष्ट्रपति को माता की मां शब्दाक्षर को दशार्ते हुए लाल शक्ति चुनरी, चांदी मुकुट व पुष्प माला से आशीर्वाद दिया। पीठाध्यक्ष ने उपराष्ट्रपति को पूजा के लिए उन्हें मां भद्रकाली जी का सिद्घ अष्टद्धातु अष्टद्भुजा स्वरूप भी प्रदान किया और शक्तिपीठों के प्रतीक के रूप में अभिमंत्रित शक्ति त्रिशूल भेंट किया। श्री देवीकूप की परिक्रमा के उपरान्त उपराष्ट्रपति तथा मुख्यमंत्री ने मां भद्रकाली के गर्भ गृह में मां भद्रकाली का आह्वान कर उनके द्वारा षोडशोपचार मंत्रों के साथ मां का भाव-भक्तिपूर्ण पूजन किया और कमल पुष्प की माला अर्पित की। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मंदिर के पीठाधीश पंडित सतपाल महाराज ने सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।



कुरुक्षेत्र। शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में पूजा करते उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन।

### ये रहे मौजूद

इस पूजा अर्चना में पंडित सतपाल शर्मा के साथ शिमला देवी, सुनील शर्मा, स्नेहिल शर्मा, डॉ एमके मोदगिल, प्रमोद वालिया, संजय शर्मा, हेमराज, आशीष, संजीव ने भी मंदिर की परम्परा निभाते हुए मेहमानों का स्वागत किया। इस मौके पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, शशांक गोयल, विषाखा राणा, हेमराज शर्मा, देवी दयाल शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, देवेन्द्र गर्ग, संजीव मित्तल, हितैष चौधरी, ऋषि तोमर, गोविन्द सिंगला, आशीष दीक्षित, ममता रानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नायब सैनी सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि : बडौली





**समालखा (पानीपत)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और किसान हित ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की किसानों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति और दायित्व है। बडौली ने ये बातें समालखा नई अनाज मंडी पानीपत में किसानों से बातचीत करते हुए कही। इस दौरान जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सुभाष कुहाड़ व भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष बडौली ने इस दौरान प्रदेश की नायब सरकार द्वारा सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद, किसानों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं और कृषि विकास को गति देने वाले निर्णयों पर भी किसानों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार सभी किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। भावांतर भरपाई के माध्यम से किसानों के नुकसान की भरपाई नायब सरकार कर रही है। बडौली ने कहा कि किसानों के चेहरे पर मुस्कान और खुशहाली ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नायब सैनी सरकार किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। मोहन लाल बडौली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

# गहने वापस न करने पर ज्वेलर पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्याज पर लिए रुपये चुकाने पर भी गिरवी रखे लाखों के गहने न लौटाने वाले ज्वेलर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़ित महिला नीलम का आरोप है कि आरोपी ने 47 ग्राम सोने व डायमंड के गहने रखकर ब्याज पर रुपये दिए थे। जब रुपये लौटाने की बारी आई तो आरोपी जेवरात देने से मुकर गया। सेक्टर-9 थाना पुलिस ने छोटा शिवाला की नीलम की तहरीर पर शुभ ज्वेलर्स राहुल जैन पर मामला दर्ज कर लिया।

- ब्याज पर लिए रुपये चुकाने पर भी गिरवी रखे गहने नहीं लौटाए

नीलम ने बताया कि रुपयों की सख्त जरूरत थी। पता चला कि आरोपी राहुल जैन रुपये उधार देता है। पति राकेश के साथ अंबाला शहर के सेक्टर-7 स्थित राहुल जैन की दुकान पर गई तो आरोपी ने जेवरात गिरवी रखवाने पर ही रुपये देने की बात कही थी। कहने पर 47 ग्राम सोना देकर डेढ़ लाख रुपये लिए थे। 9 प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज लगने की बात कही थी। उस समय खाली पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। रुपये वापस होने का इंतजाम होने पर आरोपी के पास गए तो धमकाते हुए बोला कि बिना अनुमति के फोटो खींचने पर वह उसे जेल करवा देगा। नीलम ने बताया कि जेवरात न लौटाने पर इकोनॉमिक सेल में शिकायत दी थी।

## साइबर ठगी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन ठगी के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए एक आरोपी को किया गिरफ्तार। आरोपी के अकाउंट से गत 29 मार्च से 12 मई के बीच इस खाते में लगभग 43 लाख 57 हजार रुपये आए और निकाले गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना प्रबंधक सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी ने फर्जी बैंक खातों का उपयोग कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की। कुछ लोगों ने दूसरे व्यक्तियों के नाम पर बैंक खाते खुलवाए, जिन्हें ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर अपराधों में प्रयोग किया गया। यमुनानगर जिले के कई लोगों के नाम पर बैंक खाते खोले गए और उनमें भारी लेन-देन हुए जबकि खाता धारक इस धनराशि का कोई स्पष्ट स्रोत नहीं बता सके। उन्होंने बताया कि बताया कि जांच के दौरान एक खाता संदिग्ध पाया गया जो विजयपाल नामक व्यक्ति के नाम पर खोला गया था। गत 29 मार्च से 12 मई के बीच इस खाते में लगभग 43 लाख 57 हजार रुपये आए और निकाले गए। आरोपी ने यह रकम साइबर फ्रॉड और अन्य ऑनलाइन अपराधों से अर्जित थी। इसलिए खाते से जुड़े व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई गई।

- ठगी के पैसों के लेनदेन में किया गया आरोपी के अकाउंट का इस्तेमाल

गांधी नगर कालोनी नजदीक भारत सेवक नगर जगाधरी निवासी विजय कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपी विजयपाल ने अपना बैंक खाता साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया या उनकी मदद की, जिसके माध्यम से धोखाधड़ी का पैसा गुजरा। लेन-देन रिकॉर्ड और बैंक दस्तावेजों की जांच के बाद पुलिस ने विजयपाल को गिरफ्तार किया।आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कार्यक्रम देखने के बाद की पत्रकार वार्ता

# ‘मन की बात’ जन-जन की भावनाओं का दर्पण : विज

- सामयिक विषयों पर अपने विचार साझा करते हैं पीएम नरेंद्र मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक महीने ‘मन की बात’ कार्यक्रम के माध्यम से देश की जनता से सीधे संवाद स्थापित कर महत्वपूर्ण व ज्वलंत मुद्दों, भारत की उपलब्धियों और सामयिक विषयों पर अपने विचार साझा करते हैं। मन की बात’ कार्यक्रम को देखने एवं सुनने के उपरांत पत्रकारों को संबोधित करते हुए विज ने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी ने विशेष रूप से खेल और खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए युवाओं को सकारात्मक शक्ति में लगने और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



अंबाला। मन की बात कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते मंत्री विज व अन्य।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान राज्य की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कुरुक्षेत्र स्थित गीता नगरी की अपनी हालिया यात्रा के अनुभव भी देशवासियों के साथ साझा किए। उन्होंने कहा कि ‘मन की बात’ सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध संस्कृति, विकास यात्रा और जन-जन की भावनाओं का दर्पण है, जिसके माध्यम से पूरे देश का परिचय जनता को कराया जाता है। इससे पहले आज ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी महेशनगर में बूथ नंबर 96 में भाजपा नेता महेंद्र सेठी व सुरेंद्र सेठी के निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, जसबीर सिंह जस्सी, संजीव वालिया, विपिन खन्ना, पुनीत सरपाल, दीपक भसीन, आदि रहे।

# खड़े ट्रक में कैंटर ने मारी टक्कर, युवक की मौत

- चाचा-भतीजा दोनों कैंटर के कैबिन के बीच में फंस गए, लोगों ने निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शाहबाद में बस स्टैंड के सामने जीटी रोड पर खड़े ट्रक को पीछे से कैंटर ने टक्कर मार दी। इसमें कैंटर में सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद चाचा-भतीजा दोनों कैंटर के कैबिन के बीच में ही फंस गए।

कड़ी मशक्कत के बाद आसपास के लोगों ने उसे केबिन से बाहर निकाला। इसमें एक घंटा लग गया, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। उसके चाचा को घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक की पहचान आकाश (26) निवासी तलहेटा जिला गाजियाबाद, यूपी के रूप में हुई। परिवार के मुताबिक, युवक आकाश अपने चाचा के साथ कैंटर पर हेल्पर का काम करता था। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे दोनों कैंटर में अंबाला से रिफाइंड लेकर गाजियाबाद के लिए चले थे। रात करीब 8:30 बजे शाहाबाद बस स्टैंड के पास पहुंचते ही हादसा हो गया।

## खबर संक्षेप

### श्री राम मंदिर में शिव स्तुति भजन संध्या में उमड़ी भीड़

**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित श्री राम मंदिर में आज भक्ति का भव्य वातावरण तब बना जब श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का पंचामृत स्नान कराकर शिव स्तुति का सामूहिक पाठ किया। मंदिर में पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया गया। सायंकाल में महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। भजन संध्या में अनु खट्टर, सुशील मदान और संगीता बत्रा ने अपने भजनों से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। पूजन-अनुष्ठान पंडित अनिल द्विवेदी द्वारा विधि-विधान से सम्पन्न करवाया गया।

### नगरपालिका के अधिकारी 1-5 तक ट्रेनिंग पर

**घरौंडा।** नगरपालिका के अधिकारी एक दिसंबर से पांच दिन तक ट्रेनिंग पर रहेंगे। जिससे नगरपालिका में कामकाज में बाधा रहेगी। इसलिए नगरपालिका में काम करवाने के लिए आम नागरिको पूरी सुविधा नहीं मिल पाएगी। अनुमान है कि पूरा सप्ताह नगरपालिका में आम नागरिक कामकाज करवाने के लिए न आए तो समय की बर्बादी नहीं होगी। बताया जा रहा है कि सरकार ने म्युनिसिपल एक्ट्स में कुछ बदलाव किया है। जिसको लेकर पूरे जिले की नगरपालिका के सचिव, पालिका अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, लेखाकार पांच दिन की ट्रेनिंग पर रहेंगे। ट्रेनिंग एक दिसंबर से शुरू होगी।

### आंगनबाड़ी केंद्र होंगे दूसरे भवन में शिफ्ट

**घरौंडा ।** शहर की आंगनबाड़ी केंद्रों की खस्ता हालत होने के कारण स्थानीय प्रशासन ने केंद्रों को किसी सार्वजनिक भवनों में शिफ्ट करने की एक योजना तैयार की है। जिसको लेकर सोमवार को नगरपालिका में पार्षदों व शहर के गणमान्य सदस्यों की एक बैठक बुलाई गई है। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम राजेश सोनी करेंगे। नगरपालिका की ओर से इस प्रकार का एक एजेंडा पारित किया गया है। शहर के हर वार्ड में सरकार ने एक आंगनबाड़ी केंद्र खोला हुआ है। ताकि छोटे छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ाया जा सके। शहर की काफी आंगनबाड़ी केंद्रों का एसडीएम राजेश सोनी ने निरीक्षण किया है। जिसमें काफी आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत खस्ता मिली है। जिसको लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों व स्टॉफ को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### योग कक्षा का स्थान बदला, नया स्थान तय

**करनाल।** 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' के अंतर्गत पिछले 20 वर्षों से फव्वारा पार्क सेक्टर-12 में संचालित हो रही योग कक्षा को सर्दियों को देखते हुए नए स्थान पर स्थानांतरित किया गया है। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि शीतकाल के कारण कक्षा को योग शिक्षिका निधि गुप्ता के निवास स्थान, पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शिफ्ट किया गया। स्थानांतरण के बाद आयोजित पहली कक्षा में मिशन के योग साधक और कॉलोनी की महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में ओम उच्चारण, ध्यान, प्राणायाम और विभिन्न योग क्रियाएं करवाई गईं कक्षा में योग शिक्षिकाएं निधि गुप्ता, नीलम बटला, एन.एफ. चौधरी आदि शामिल हुए।

## डॉ. मंगल सेन सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में हवन-यज्ञ प्रदर्शनी व स्टॉलों पर उमड़ी भारी भीड़

- **कार्यक्रम में विद्यार्थी, अभिभावक और महिलाओं की रही उपस्थिति**
- **हवन में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आहुतियां डालीं**

समारोह पूरे दिन सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियों से भरे महोत्सवी माहौल में चलता रहा।सभागार परिसर में लगाए गए स्टॉलों में स्वयं सहायता समूहों, महिला संगठनों, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में आज डॉ. मंगल सेन सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ के बाद हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आहुतियां डालीं। सभागार परिसर में लगाए गए स्टॉलों में स्वयं सहायता समूहों, महिला संगठनों, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपनी गतिविधियाँ व उत्पाद प्रदर्शित किए।

प्रदर्शनी में घरेलू उत्पाद, हस्तशिल्प, जैविक सामग्री, कानूनी जागरूकता मटेरियल, सरकारी योजनाओं की जानकारी और विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई थीम-बेस्ड मॉडल्स विशेष आकर्षण रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टॉल पर लोगों ने एफआईआर, जमानत, घरेलू हिंसा, हिरासत, बंधुआ मजदूरी आदि से संबंधित बुकलेट और पम्फलेट निशुल्क प्राप्त किए। विद्यार्थियों और नागरिकों ने गीता के श्लोकों का भावार्थ, जीवन-प्रबंधन के सिद्धांत और आधुनिक जीवन में गीता के प्रयोग विषयक प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, महिलाएँ, स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं और नागरिक उपस्थित रहे।


करनाल। कार्यक्रम में मौजूद विधायक योगेंद्र राणा।


करनाल। कार्यक्रम में मौजूद विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

### जीवन का सार है गीता

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि गीता का सार जीवन में तब ही प्रभावी होता है जब व्यक्ति उसे अपने व्यवहार और दैनिक आचरण में शामिल करे। उन्होंने कहा कि मेहनत, संयम, अनुशासन और करुणा—ये सभी गुण गीता के मूल संदेश हैं, जिन्हें हर उम्र का व्यक्ति अपनाकर अपने जीवन को सफल बना सकता है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय महिलाओं और युवाओं द्वारा बनाया गया हस्तशिल्प व घरेलू सामग्री गुणवत्ता में किसी बड़े ब्रांड से कम नहीं है। कल्याण ने कहा कि आधुनिक प्रतिस्पर्धा के युग में प्रौद्योगिकी का सदुपयोग और नैतिक मूल्यों का संतुलन गीता हमें सिखाती है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को गीता जयंती की शुभकामनाएं दीं।

### जीवन जीने की कला को सिखाती है गीता

असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गीता कोई सामान्य धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान गीता में मिलता है और जितनी बार हम इसे पढ़ते हैं, हर बार नए विचार और नई ऊर्जा मिलती है। राणा ने कहा कि गीता जयंती का आयोजन कभी केवल कुरुक्षेत्र तक सीमित था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के प्रयासों से आज यह महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाने लगा है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे गीता के सिद्धांतों—कर्तव्य, धैर्य, साहस और सत्य—को अपने जीवन में अवश्य अपनाएं। इस मौके पर एसडीएम अनुभव मेहता, सीटीएम मोनिका, डीडीपीओ कंचनलता, मेयर रेणु बाला, जितेंद्र अहलावत, पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



करनाल। कार्यक्रम में भाग लेते विभिन्न स्कूलों के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### कक्षा में ए वन टूल्स के उपयोग पर हुई कार्यशाला

**तरावड़ी।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट में कक्षा-कक्षा में ए वन टूल्स का उपयोग विषय पर एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों के माध्यम से शिक्षण विधियों को उन्नत करने के लिए प्रशिक्षित करना था। कार्यशाला में श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर के व अनेक विद्यालयों से आए 60 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ निदेशक डॉ. राकेश शर्मा और व प्रिंसिपल रवि शर्मा द्वारा किया गया। सत्र का संचालन सी.बी.एस.ई. रिसोर्स पर्सन कविता और आस्था सचदेवा ने किया, जिन्होंने शिक्षण में प्रौद्योगिकी के महत्व पर जोर दिया और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक चली इस कार्यशाला में शिक्षकों को ऐसे व्यावहारिक ए वन टूल्स से परिचित कराया।


इंद्री। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में मूर्ति स्थापना पर हवन यज्ञ करते श्रद्धालु ।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर इंद्री में की गई मूर्ति स्थापना

**इंद्री।** इंद्री के वार्ड नंबर 10 पंजाब कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीराम दरबार, श्री लक्ष्मी नारायण व माता दुर्गा की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा कर विधिवत रूप से स्थापना की गई । शिव मंदिर कुंजपुरा से आए आचार्य राजाराम शास्त्री ने विधि विधान से मूर्ति पूजन व हवन यज्ञ करवाकर मूर्तियों की स्थापना करवाई । मूर्ति स्थापना के बाद मंदिर कमेटी की ओर से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता, ओमप्रकाश अरोड़ा व नपा अध्यक्ष राकेश कुमार ने शिरकत की । इस मौके पर प्रेम अनेजा, देवेंद्र सहगल, सुरेश अनेजा, संजय मित्तल आदि रहे।

# कांग्रेस सेवा दल ने शहीद उधम सिंह चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

- महीने के अंतिम रविवार की परंपरा के तहत आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

कांग्रेस सेवा दल की परंपरा के अनुरूप महीने के आखिरी रविवार को शहीद उधम सिंह चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आयोजन किया गया। आयोजन के संयोजक जसबीर पन्नू रहे। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने संगठनिक अनुशासन और देशभक्ति के संदेश को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित



किया। यह परंपरागत समारोह कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, हरियाणा प्रभारी राजबीर मराठा और प्रदेश अध्यक्ष डा. पूनम चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाता है। सभा में सेवा दल के सदस्यों को उनकी मूल कर्तव्यों, संगठनिक अनुशासन और जन-सेवा के संबंध में संवेदनशीलता पर बल दिया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन किया गया और आगे के माह में इसी प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से जारी रखने का निर्णय लिया गया। प्रदेश सचिव बलजीत चौहान, शहरी जिला महिला प्रधान हरदीप कौर, सुनीता रानी, जिला महासचिव गुरमीत सिंह, प्रदेश महासचिव जितेंद्र पांचाल, जसबीर पन्नू, शारदा संधु, प्रदेश संगठन सचिव ईशम सिंह चौहान, ब्लॉक इंद्री प्रधान श्रवण कुमार, उपप्रधान वीरेंद्र कुमार, साहिल, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता दीपक चौधरी आदि रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन

**करनाल।** पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को भव्य समापन हुआ। 23 नवंबर से 30 नवंबर तक चली इस दिव्य कथा में श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था का जोश दिन-प्रतिदिन बढ़ता गया, और समापन दिन हवन-यज्ञ व विशाल भंडारे के साथ हुआ। प्रवचनों ने संपूर्ण अवधि में लोकहित, नैतिक शिक्षा और पारिवारिक कल्याण से जुड़ी गूढ़ शिक्षाओं को सरल भाषा में प्रस्तुत किया, जिससे बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुष और बच्चे प्रभावित हुए। अंतिम दिन के हवन-यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने आहुति डाली और परिवार तथा समाज की मंगलकामनाएँ कीं। यज्ञ के पश्चात आयोजित भंडारे में उपस्थितों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन का आभार व्यक्त किया।

# वर्कशॉप में शिक्षकों को शिक्षण-प्रशिक्षण की तकनीकों से करवाया गया अवगत

- बाबा राम दास विद्यापीठ में 'हैप्पी क्लासरूम' पर शिक्षक प्रशिक्षण, सकारात्मक कक्षा वातावरण बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल




बाबा राम दास विद्यापीठ में आयोजित एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विषय था—'हैप्पी क्लासरूम'। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को सकारात्मक, सुरक्षित और आनंददायक शिक्षण वातावरण तैयार करने की रणनीतियों से लैस करना था, ताकि प्रत्येक छात्र अपनी शैक्षिक एवं सामाजिक क्षमता के अनुरूप विकास कर सके। विशिष्ट संसाधन व्यक्ति डा. ममता ग्रोवर और रीतु असीजा ने शिक्षकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन, सहभागितापूर्ण गतिविधियों, संवाद के नवाचारी तरीकों तथा खुशहाल कक्षा बनाने की व्यवहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक संकल्प के साथ यह निर्णय लिया गया कि हैप्पी क्लासरूम की अवधारणा को विद्यालय के पाठ्यक्रम और क्लासरूम गतिविधियों में प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। उपस्थित अधिकारी व शिक्षक प्रतिनिधि नीनू चांदना, साबिया बत्रा, वैद्य देवेंद्र कुमार बत्रा के साथ विद्यालय के संकुल शिक्षकगण और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



### सर बीएनराव की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** महान समाज सुधारक, शिक्षाविद् और मानवता के दूत सर बी.एन. राव की पुण्यतिथि पर करनाल ब्राह्मण धर्मशाला में आज विशाल श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समाजजन ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समाज के युवाओं और वरिष्ठ सदस्यों ने मिलकर कार्य को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न किया, जिससे वातावरण भक्ति और समरसता से भर उठा। वक्ताओं ने कहा कि सर बी.एन. राव केवल शिक्षक नहीं थे, बल्कि उस युग के ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने शिक्षा, नैतिकता और राष्ट्र निर्माण को अपनी विचारधारा का केंद्र बनाया। सुरेंद्र शर्मा बड़ौता (प्रदेश अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण सभा), अशोक शर्मा (प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण खाप हरियाणा), जीवन मोदगिल, रामफल शर्मा, संदीप शर्मा, राजेश कलसोरा, मोनू रावण, तरुण शर्मा तनु रांवर, बलबीर शर्मा, रोशन शर्मा, सचिन बल्ला, मीनू शर्मा, जोनी शर्मा, गंगा देव, नरेश शर्मा आदि रहे।

# स्वामी तुरीयानंद ट्रस्ट के समागम व भंडारे में धर्मिक प्रवचन का आयोजन

- प्रेम नगर शिव मंदिर में स्वामी विवेकानंद गिरी की अध्यक्षता में हुआ भव्य समागम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



स्वामी तुरीयानंद ट्रस्ट द्वारा स्वामी तुरीयानंद महाराज एवं स्वामी अचलानंद गिरी जी की स्मृति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रेम नगर स्थित शिव मंदिर में 29 व 30 नवंबर को विशाल समागम और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गद्दी नशीन श्री श्री 1008 स्वामी विवेकानंद गिरी जी महाराज ने की और उन्होंने प्रवचनों के माध्यम से शास्त्रीय दृष्टांतों व आध्यात्मिक जीवन के सार पर प्रकाश डाला। आयोजन के दौरान स्वामी विवेकानंद गिरी ने महाभारत व वेदों के संबंध में व्याख्यात्मक विचार रखे तथा कहा कि महाभारत को शास्त्रों का पाँचवाँ वेद कहा जाता है और इसके रचयिता महर्षि वेद व्यास ही हैं। ट्रस्ट के प्रधान ओमप्रकाश अरोड़ा, उपप्रधान महेंद्र पाल ढल्ल, महासचिव प्रवीन वधावन, कोषाध्यक्ष अमित वत्ता, संयुक्त सचिव सुभाष मल्होत्रा तथा अन्य ट्रस्टी और सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने दूर-दूर से आए संगतकारों का आभार प्रकट किया और भंडारे व भजन-संगीत के माध्यम से धर्मिक वातावरण को और समृद्ध किया।


करनाल। कार्यक्रम में मानवी को सम्मानित करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### मानवी ने सबसे कम उम्र में जीते दो ब्लैक बेल्ट

**करनाल।** हरियाणा की नन्ही बेटी मानवी ने ताइक्वांडो जगत में वह उपलब्धि हासिल की है जिसे दुनिया ने रिकॉर्ड के रूप में स्वीकार कर लिया है। मात्र 3 साल की उम्र में कोरिया कुक्कीवोन से पहली ब्लैक बेल्ट (28 फरवरी 2023) और 5 साल की उम्र में दूसरी ब्लैक बेल्ट (28 अप्रैल 2025) हासिल कर वह दुनिया की सबसे कम उम्र की डबल ब्लैक बेल्ट ताइक्वांडो खिलाड़ी बन गई है। उसकी इस अद्भुत उपलब्धि को देखते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस – लंदन बुक में उसके नाम का आधिकारिक पंजीकरण कर लिया गया है। इस रिकॉर्ड के साथ मानवी वैश्विक स्तर पर सबसे कम उम्र की वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बन गई है। इस खुशी में आज बसंत विहार में आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम में इंद्री के विधायक राम कुमार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने मानवी को फूल-मालाओं व मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे ट्रिप पर पहुंचे पिपली चिड़ियाघर तथा गोल्डन टेंपल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी

दादूपुर स्थित अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने पिपली चिड़ियाघर ट्रिप का आनंद उठाया। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों को पिपली चिड़ियाघर ले जाया गया ।जहां बच्चों ने बहुत मनोरंजन किया। इस दौरान बच्चों को बहुत उत्साहित देखा गया । बच्चों ने वहां जाकर रंग -बिरंगे, पक्षियों, शेर,बंदर मगरमच्छ ,चिड़िया, तोता इत्यादि पशु- पक्षी देखे और आनंद लिया तथा वहां बच्चों मे काफी मस्ती देखी गई। कक्षा सातवीं से 12वीं तक के बच्चों को अमृतसर गोल्डन टेंपल, वाघा -बॉर्डर तथा जलियांवाला बाग ले जाया गया। बच्चों ने इन सब के


तरावड़ी। अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे वाघा बार्डर पर ट्रिप का आनन्द लेते हुए।

दर्शन किए तथा बहुत सी जानकारियां हासिल की । बच्चे इस ट्रिप से बहुत उत्साहित दिखे तथा उन्होंने ट्रिप का आनंद उठाया बच्चों को स्कूल की प्रिंसिपल रजनी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां काफी सराहनीय है। इस प्रकार के ट्रिप से बच्चों का शारीरिक व मानसिक दोनों का विकास होता है तथा साथ ही बच्चों में सहयोग की भावना भी उत्पन्न होती है ।बच्चों के हंसते खेलते चेहरे देखकर सभी को प्रसन्नता का आभास होता है।

## कार्यक्रम में आंतरिक खुशी को जीवन का आधार बताया

# ब्रह्माकुमारीज ने शहर में दी जागरूकता को नई दिशा

- 'मेंटल हेल्थ एंड वैल बीइंग' अभियान का आज शहर में व्यापक प्रभाव देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेक्टर-7 सेवा केंद्र की ओर से चल रहे 'मेंटल हेल्थ एंड वैल बीइंग' अभियान का आज शहर में व्यापक प्रभाव देखने को मिला। दिनभर कमांडो पुलिस नेवल, अनेक स्कूलों, कॉलेजों और सेवा केंद्रों पर राजयोग, मेडिटेशन, कॉन्सन्ट्रेशन,






मोरल वैल्यूज और मानसिक संतुलन पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। बीके संजीव भाई, बीके भारती बहन, बीके मीनाक्षी, बीके जयश्री, बीके शिविका और बीके चक्षु ने विभिन्न मंचों से आंतरिक खुशी, मानसिक शांति और मानवीय मूल्यों पर संदेश दिया।

बीके संजीव भाई ने कहा कि आज लोग पार्कों में नकली हंसी हंसते हैं, पर आंतरिक खुशी बेहद कम है। जो खुशी आत्मज्ञान और मेडिटेशन से मिलती है वह ही स्थायी होती है। इस विशाल अभियान में एससी वोहरा, एसआर दीक्षित, आरके गौर, केबी मल्होत्रा, नरेश बराना, डॉ. पीके जैन, डॉ. डीडी शर्मा, नेहा अरोड़ा, शाम सुंदर परुथी, राजेंद्र छिक्कारा, रितेश विज, सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं व वरिष्ठ नागरिक मंचों के पदाधिकारी मौजूद रहे और अतिथियों को सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप



### आईबी पीजी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और लक्ष्य निर्धारण के उद्देश्य से एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था विज गिव डायरेक्शन। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने जीवन के सपनों और लक्ष्यों को फ्लो चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत करें, ताकि उनकी सोच को एक दिशा मिले और वे अपने लक्ष्यों की ओर योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ सकें। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती हैं। स्किल डेवलपमेंट सेंटर संयोजक अजयपाल सिंह ने कहा कि ऐसे सत्र केवल विद्यार्थियों में नए विचार लाते हैं। सॉफ्ट स्किल ट्रेनर शिखा जुनेजा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए जीवन में सफलता पाने के लिए केवल लक्ष्य निर्धारित करना ही पर्याप्त नहीं है अनावश्यक विचारों को समाप्त करना, आत्मविश्वास बनाए रखना और निरंतर प्रयास करते रहना भी उतना ही आवश्यक है।

### गीता जयंती महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब, दिखाई दिया आध्यात्मिकता का अद्भुत समागम

# गीता के सिद्धांतों को आत्मसात करके समाज और राष्ट्र प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू सकता है : कृष्ण लाल

### बांसुरी, नगाड़ों और भक्ति संगीत की गूंज ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य महाविद्यालय प्रांगण में आज जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन शहरवासियों और स्कूली बच्चों का भारी जनसमूह उमड़ पड़ा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस उत्सव ने पानीपत को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। बांसुरी, नगाड़ों और भक्ति संगीत की गूंज ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार का उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने स्वागत किया। मंच पर कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, संत-महात्मा, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गीता का संदेश किसी युग, समय या परिस्थिति का मोहताज नहीं है। यह वह प्रकाश स्तंभ है जो मानवता को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर अर्जुन को दिया गया उपदेश कालजयी है और आज की पीढ़ी यदि गीता के सिद्धांतों को आत्मसात कर ले, तो समाज और राष्ट्र प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उनके ये शब्द उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार कर गए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गीता उपदेशों के 5 हजार वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, जो 2016 में आरंभ हुआ था, आज अपने 10 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक 21 दिवसीय भव्य आयोजन जारी है। मॉरीशस, लंदन, कनाडा, यूके, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया सहित कई देशों में गीता महोत्सव आयोजित किए जा चुके हैं। इस वर्ष 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित समारोह में भाग लेकर कार्यक्रम को विशिष्टता प्रदान की। इस वर्ष मध्यप्रदेश को सहयोगी राज्य बनाया गया है।





पानीपत। तिरंगा झंड़ा लहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मंत्री कृष्ण लाल पंवार व अन्य । व कार्यक्रम के दौरान धार्मिक प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया

*उपायुक्त डॉ.विरेंद्र दहिया ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का अद्भुत मार्गदर्शक है। निष्काम भाव से कर्म करना, कर्तव्य को सर्वोपरि रखना और निर्णयों में संतुलन बनाए रखना ही सच्चा कर्मयोग है। कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया। बांसुरी की मधुर तान और नगाड़ों की ताल ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में डीआईपीआरओ डॉ.सुनील बसताड़ा ने मंत्री कृष्ण लाल पंवार, उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा का शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महावीर गुड्डु की सांस्कृतिक व राष्ट्रीयता को दर्शाती प्रस्तुति उपस्थित दर्शकों में जोश भरने का कार्य कर गई। वहीं जिला जेल में भी आज गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम मनदीप कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कैदियों को गीता के उपदेशों के माध्यम से जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया। इस मौके पर डीईओ राकेश बूरा, हरिओम तायल, महेंद्र दीक्षित, साहब सिंह रंगा, एडवोकेट संदीप जिंदल, नरेश शैन, दयानंद खुगर, सतीश वत्स, वेद पाराशर व मुकेश आदि मौजूद रहे।*

### आर्य कॉलेज में भव्य प्रदर्शनी लगाई

**पानीपत।** गीता जयंती के अवसर पर आर्य पीजी कॉलेज प्रांगण में आयोजित भव्य प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टॉलों ने आगंतुकों का ध्यान खींचा। हरियाणा सरकार के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को प्रदर्शनी का भ्रमण करते हुए स्टॉलों की जानकारी ली और छात्रों व विभागों की रचनात्मकता की सराहना की। मंत्री पंवार ने सबसे पहले रेडक्रॉस सोसाइटी के स्टॉल का अवलोकन किया। प्रोजेक्ट मैनेजर सुदेश, कला भारद्वाज और गुरप्रीत कौर ने बताया कि संस्था सदैव सेवा परमो धर्म की भावना से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुचाने के लिए काम करती है। सुदेश ने बताया कि रेडक्रॉस जिले में नशा मुक्ति शिविर, ब्लड डोनेशन ड्राइव, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, विकलांग व्यक्तियों का पुनर्वास, और जरूरतमंद परिवारों को आपातकालीन सहायता जैसी कई योजनाएं संचालित कर रही है। मंत्री पंवार ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के स्टॉल पर 5 मिनट में एक एकड़ में स्प्रे करने वाले उन्नत ड्रोन की तकनीक को गंभीरता से समझा। सहायक कार्यकारी अभियंता सुधीर ने किसानों के हित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल पर मंत्री ने महिलाओं से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप कुमार, डीईओ राकेश बूरा, मास्टर मुकेश, डीपीआरओ डॉ. सुनील बसताडा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



पानीपत। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मंत्री कृष्ण लाल पंवार व अन्य ।

# यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी



**पानीपत।** यातायात पुलिस ने आज टोल प्लाजा पर विशेष जागरूक्ता कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। अभियान का मुख्य उद्देश्य सडक़ सुरक्षा को बढ़ावा देना तथा सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम करना रहा। ट्रैफिक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने टीम के साथ इस दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा सडक़ संकेतों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। ट्रैफिक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने कहा कि सडक़ सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक नागरिक नियमों का पालन करे तो सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी कमी लाई जा सकती है।

# प्रधानमंत्री के विचार हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक : कृष्ण पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' का 128वां एपिसोड शहरी विधानसभा के बूथ नंबर. 47 पर आर्य कॉलेज परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सुना। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया, एसडीएम मनदीप, कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा सहित अनेक अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंत्री पंवार ने अधिकारियों और विद्यार्थियों के बीच बैठकर प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और विद्यार्थियों के साथ विचार-विमर्श भी किया।



पानीपत। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होते मंत्री पंवार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

प्रधानमंत्री के विचार हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक है। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती का विशेष रूप से जिक्र किया और अपने भाव बताए। प्रधानमंत्री ने युवाओं को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और डिजिटल शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही उदेशभर में कोविड-19 वैक्सीनेशन अभियान, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के प्रयासों की जानकारी सांझा की। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने भी विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे समय समय पर सुनने की प्रेरणा दी।

## खबर संक्षेप

### वन मित्रों ने सौंपा गजेंद्र सलूजा को ज्ञापन



**पानीपत।** हरियाणा वन विभाग में वन मित्र दीपक व मीनू नरवाल ने साथियों सहित सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। वहीं गजेंद्र सलूजा ने उन्हें आश्वासन दिया की शीघ्र ही उनका ज्ञापन प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचा दिया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया है कि हरियाणा में सरकार ने पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने के लिए वन मित्रों को नौकरी पर लगाया गया था। सभी वन मित्र पिछले डेढ साल से पौध लगा रहे हैं तथा उनकी देखभाल करने का काम कर रहे हैं। उसके बावजूद उन्हें ना तो कोई सुविधा मिल रही है। यहां तक की उनका वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम को साकार करने में वन मित्रों की बड़ी भूमिका है।

### शहर के मध्य एक्स 10 शूटिंग एकेडमी का शुभारंभ



**पानीपत।** शहर में जीटी रोड पर एसडी कालेज के पास आज एक्स 10 स्पोटस शूटिंग एकेडमी का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि आरएसएस प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश गोयल व जिला बाल विकास समिति के अध्यक्ष केडी कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोडक़र किया गया। यहां पहुंचने पर अतिथियों का एकेडमी के संचालक नीशू भारद्वाज, उनके पिता बलवान शर्मा आदि ने फूलों के बुके देकर स्वागत किया। इससे पूर्व सुबह 9 बजे प.नरेश भारद्वाज व सुमित शर्मा द्वारा हवन यज्ञ कराया गया। नीशू भारद्वाज ने कहा कि एकेडमी में युवाओं को कम खर्च के बेहतर सुविधाएं व बहुत ही अच्छी निशानेबाजी सिखाई जाएगी। इस अवसर पर भाजपा नेता बलवान शर्मा अहर, सरपंच प्रतिनिधि टिंकू देशवाल, पूर्व सरपंच रामकरण शर्मा, पूर्व ब्लाक समिति सदस्य अनिल शर्मा, धमेंद्र देशवाल, राजेंद्र देशवाल, भैयाराम भारद्वाज, सुनील शर्मा, जसबीर पहलवान, कृष्ण शर्मा, सत्यवान शर्मा, सुशील भारद्वाज व अंकुश शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### महिला और पुरुष वर्ग में हरियाणा की टीम रही प्रथम

**इसराना।** 35वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप महिला ओर पुरुष वर्ग की रायत बाहरा संस्थान चिड़ाना में 27 से 30 नवम्बर तक आयोजित की गई। जिसमें 20 राज्यों से अधिक प्रदेशों की टीमों ने भाग लिया। महिला फाइनल मुकाबला हरियाणा ओर तमिलनाडु के बीच हुआ। जिसमें हरियाणा की टीम ने तमिलनाडु की टीम को 21 प्वाइंट से हराया ओर हरियाणा को गोल्ड मेडल ओर ट्राफी मिली। वहीं पुरुष वर्ग में हरियाणा ने फाइनल में छत्तीसगढ़ को हरा कर गोल्ड मेडल ओर ट्राफी पर कब्जा किया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी समय समय पर मन की बात कार्यक्रम में खिलाड़ियों ओर खासकर हरियाणा के खिलाड़ियों की भी बात करते हैं। हरियाणा सरकार भी खेलों को बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने एक सप्ताह पूर्व हुए दो खिलाड़ियों की अभ्यास के दौरान मौत पर दु:ख व्यक्त किया। इस अवसर पर इंडिया सर्कल कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप दलाल, बाबा भेल गिर, बलबीर सिंह, रोहतास, रोबिन सिंह, शीलू लाठ आदि उपस्थित थे।

# 38 रक्त दाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

निफा संस्था द्वारा एचडीएफ सी बैंक समालखा के सहयोग से हथवाला रोड स्थित एचएंडडी मेडिकल में रक्तदान शिविर लगाया गया। समालखा निफा टीम के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर रेड क्रॉस ब्लड बैंक के नेतृत्व में लगाया गया जिसमें 38 रक्त दाताओं ने भाग लिया। संदीप शर्मा ने बताया की निफा संस्था द्वारा रक्तदान जागरूकता हेतु पूरे भारत वर्ष में रक्तदान कैंप लगाए जा रहे हैं और जनता को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।शिविर में भाजपा समालखा शहरी अध्यक्ष रेखा गोयल, पार्षद संजय गोयल व भाजपा जिला सचिव नरेश बेनीवाल ने भी शिरकत की। इस अवसर पर एचडीएफ सी बैंक समालखा से जितेंद्र सिंह व निफा समालखा से सचिव देवेंद्र पाल सिंह, महिला विंग कोऑर्डिनेटर मनिंदर कौर, ग्रामीण इंचार्ज डॉक्टर जोगिंद्र गाहल्याण, राजकुमार मित्तल, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।



### स.करतार सिंह 62वीं बार रक्तदान करने पर सम्मानित

**पानीपत।** जिला बार एसोसिएशन के हाल में लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा देश के सैनिकों के लिए लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदानी स.करतार सिंह द्वारा 62वीं बार रक्तदान किया गया। वहीं 62वीं बार रक्तदान करने पर स.करतार सिंह को जहां आयोजकों व अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र भेंट की सम्मानित किया गया। वहीं रक्त एकत्रित करने पहुंची सेना के जवानों की टीम ने भी उनके प्रयास को सराहा।

### संग्रहालय में म्यूजियम वाक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा द्वारा आज पानीपत संग्रहालय में हेरिटेज बैठक एवं म्यूजियम वॉक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व केवी डीएवी महिला महाविद्यालय की एसोसिएट प्रो.इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ. रेणु बालियान ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को संग्रहालय के महत्व, उसके डिस्प्ले में लगाई गई जानकारी एवं ऐतिहासिक वस्तुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डॉ.रेणु ने विशेष रूप से पानीपत के युद्धों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन युद्धों ने मध्यकालीन भारतीय इतिहास में किस प्रकार महत्वपूर्ण परिवर्तन किए और किस तरह पानीपत रणनीतिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से सदियों से एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। विभाग की ओर से विनीत भनवाला ने बताया कि पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा पूरे प्रदेश में ऐसे हेरिटेज वॉक, बैठकों और विरासत टूर का साप्ताहिक आयोजन कर रहा है।

**संबोधन** | देश की समृद्धि के लिए स्वदेशी पर्यटन तथा प्राकृतिक खेती को महत्व दें

# डा.अर्चना गुप्ता ने कार्यकताओं के साथ सुना मन की बात का 128वां एपिसोड



पानीपत। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के दौरान डा.अर्चना गुप्ता व हरपाल ढांडा को सम्मानित करते कार्यकर्ता ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा का पर्यटन उद्योग अब निश्चित ही कुलांचे भरेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा के कुरुक्षेत्र में नव उद्घाटित महाभारत अनुभव केंद्र का जिक्र करने मात्र से देश और विदेश के लोगों का रुझान निश्चित ही इस केंद्र की ओर बढ़ेगा। जिससे प्रदेश के पर्यटन उद्योग को बल मिलेगा तथा प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यह शब्द भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने ग्रामीण विधानसभा के बूथ पर मन की बात का 128वां एपिसोड सुनने के बाद उपस्थित जन समूह को मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहे। डा.अर्चना गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा स्वदेशी आंदोलन को जन आंदोलन बनाने के लिए हम सबको प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वोकल फार लोकल के आह्वान को आत्मासात करना पड़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गुरदेव ने की। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा मंत्री हरियाणा महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने दिया। हरपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता ईश कुमार राणा, पार्षद सोनू संधू, अजीत बिटटू प्रजापत, बलवान शर्मा, दीपक गोयल, राजबीर मलिक, अजमेर, बलवान शर्मा, देवेंद्र संधू, जितेंद्र अहलावत तथा कृष्ण खर्ब आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## आम जन की समस्याओं से अवगत करवाया

**पानीपत।** मन की बात कार्यक्रम शहरी महामंत्री रोकी वर्मा के निवास स्थान पर बूथ न. 153 पर सुना गया। मुख्य अथिति शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल, पार्षद संजय गोयल एवं विधायक मनमोहन भड़ाना के प्रतिनिधि जसराज भाटी एवं महामंत्री रोकी वर्मा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि को मन की बात कार्यक्रम के साथ आम जन की समस्याओं से अवगत करवाया गया और उनके द्वारा जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर सतबीर वर्मा, गोपाल वर्मा, पदम सोनी , राहुल वर्मा, जोनी, ऋ तु, उर्मिला, रूबी आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। पीएम मोदी के मन की बात सुनने पहुंची रेखा संजय गोयल का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनाना हमेशा प्रेरणादायी रहता है : विज



**पानीपत।** शहरी विधानसभा के तहसील मंडल के बूथ संख्या 45 पर बूथ समिति के कार्यकर्ताओं के साथ विधायक प्रमोद कुमार विज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। जिसके बाद प्रमोद विज ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने महाभारत युद्ध से जुड़े अनुभवों को महाभारत अनुभव केंद्र कुरुक्षेत्र में साक्षात रूप से महसूस करना अत्यंत अद्भुत है। ब्रह्म सरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होना उनके लिए अत्यंत विशेष और अविस्मरणीय अनुभव रहा। विधायक विज ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनाना हमेशा प्रेरणादायी रहता है। अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया,भाजपा नेत्री इंदु कुकरेजा, धर्मपाल चोपड़ा, सतीश मेहता आदि उपस्थित रहे।




### युगपुरुष अग्रसेन एक जाति के नहीं पूरे समाज के पथ प्रदर्शक : राजेश गोयल

**पानीपत।** युगपुरुष अग्रसेन जी एक जाति के नहीं बल्कि पूरे समाज के पथ प्रदर्शक हैं। उक्त विचार राष्ट्रीय विचारक राजेश गोयल ने कहे। वह अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। राजेश गोयल ने कहा हजारों वर्ष पूर्व समाज की असमानता को दूर करने के लिए समाजवाद के सूत्रधार बने, हजारों वर्ष पूर्व अग्रसेन समाज की स्थापना समाज में सभी समान हो इस विचारधारा को लेकर शुरू हुई थी। वहीं अग्रवाल संगठन द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रामनिवास गुप्ता एवं सुरेश तायल ने कहा की टीवी और इंटरनेट के दौर में नई पीढ़ी को हमारे पूर्वजों के बारे में पता होना चाहिए। अगर हम नई जनरेशन को अपने वीरों व मार्ग दर्शकों के बारे में नहीं बताएंगे तो यह नई पीढ़ी के साथ अन्याय होगा। इस प्रतियोगिता में हर जाति, हर आयु वर्ग, हर तरह का व्यक्ति भाग ले सकता है। संगठन के उप प्रधान राजेश गर्ग एवं अतुल गुप्ता ने घोषणा की की लगभग 5100 विभिन्न आयु वर्ग के नागरिक महाराजा अग्रसेन निबंध प्रतियोगिता में अपनी कलम द्वारा रचना करेंगेञ सुमित मित्तल इस प्रतियोगिता के संयोजक होंगे। इस अवसर पर गंगाराम मंगला, राम रतन अग्रवाल, आशीष गर्ग, विशाल गोयल, मनमोहन अग्रवाल, सचिन गुप्ता, सतबीर गोयल, राजीव गर्ग, नरेंद्र गोयल, लोकेश सिंगल व वीरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### रिहायशी भवन से 13.50 लाख की नकदी चोरी

**अंबाला।** अंबाला शहर के चरखी मोहल्ला में दिन-दिहाड़े एक मकान में 13.50 लाख रुपये की नकदी व जेवरात चोरी हो गए। पुलिस ने भवन मालकिन सुनीता की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। सुनीता ने बताया कि 27 नवंबर को पड़ोसी की एक्टिवा लेकर किरायेदार कृष्ण देवी को दवाई दिलवाने के लिए सुबह 11 बजकर 54 मिनट पर गई थी। डेढ़ घंटे के भीतर ही महावीर चेरिटेबल के अस्पताल से दवाई दिलवाने के बाद वापस आई तो देखा कि घर के ताले टूटे हुए थे। तीन कमरों का सामान बिखरा पड़ा था। घर से 13 लाख 50 हजार रुपये की नकदी व जेवरात गायब थे।

### रेजिडेंट वीजा के नाम पर ठगी का मामला दर्ज

**अंबाला।** यूके में बेटी व दामाद का रेजिडेंट वीजा लगवाने के नाम पर अंबाला शहर के गीता नगरी वासी गगन सेठी व उनके रिश्तेदार से 16. 60 लाख की धोखाधड़ी हो गई। आरोपियों के खिलाफ मई माह में शिकायत दी गई थी, लेकिन रुपये लौटाने की बात बोलकर उसे वापस करवा दिया था। बावजूद अभी तक पैसे नहीं लौटाए। बलदेव नगर थाना पुलिस ने गीता नगरी गगन सेठी की शिकायत पर प्रबल प्रताप सहगल, नीतू सहगल, अभिजोत सहगल पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गगन सेठी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ 21 मई को शिकायत दी थी कि शेयर कोड लेकर यूके में रह रही बेटी तमन्ना सेठी व दामाद दिनेश कुमार के लिए रेजिडेंट वीजा लगवाकर देगा।

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस दल ने आरोपी राजिंद्र सिंह व अमीन खान को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता राजिंद्र सिंह ने 29 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22/23 नवंबर 2025 की रात्रि गांव जटवाड़ से आरोपी ने उसके ट्रेक्टर की बैटरी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ब्लैकमेल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने नकली पुलिस बन कर ब्लैकमेल करने के मामले में यमुनानगर के कुलदीप नगर वासी आरोपी अरूण व एक महिला को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन के योगेश ने 27 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 जुलाई से 14 अगस्त के दौरान आरोपियों ने नकली पुलिस बनकर उससे एक बड़ी रकम धोखाधड़ी से हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### यातायात के नियमों के प्रति किया जागरुक

**अंबाला।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों, यातायात के नियमों, महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों व साइबर अपराध बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रबंधक थाना यातायात व पुलिस टीम ने अंबाला छावनी में आमजन को महिला सुरक्षा साईबर अपराध से बचाव, पौधारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, रक्तदान व यातायात के नियमों की पालना बारे जानकारी दी।

### डिजिटल फ्रॉड बढ़ा रहा लोगों के लिए चिंता

**अंबाला।** डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन स्कैम तेजी से बढ़ते हुए लोगों के लिए चिंता बन गए हैं। हर रोज कोई न कोई धोखाधड़ी का मामला जगह जगह देखने को मिल रहा है, जिसका शिकार लोग हो रहे हैं। ऐसे में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव का एक तरीका सैकेंड बैंक अकाउंट हो सकता है जिससे आप रोजमर्रा के लेनदेन कर सकते हैं। इसी का एक बेहतर विकल्प एयरटेल पेमेंट बैंक के रूप में एयरटेल ने ग्राहकों के लिए पेश किया है।

---

### बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व राज्यमंत्री ने दीपशिखा प्रज्वलित कर व श्रीमद्भगवदगीता के समक्ष पुष्प अर्पित किए

*जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव में कलाकारों ने दिखाए प्रतिभा के जौहर*

# काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे मन का मोहन मेरा दिलदार है पर झूमे लोग







अंबाला। गीता जयंती समारोह के विभिन्न दृश्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि श्रीमद्भगवदगीता हमें समाज की संपत्ति बनने की ओर अग्रसर करती है। समाज के उपर बोझ या भार बनने की ओर अग्रसर नहीं करती। श्रीमद्भगवदगीता समाज की धरोहर है। इससे हमें जुड़ना है। जन-जन तक गीता का दिव्य संदेश पहुंचाना है। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला रविवार को जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर रामबाग मैदान शिव मंदिर अंबाला शहर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर दीपशिखा प्रज्वलित कर व श्रीमद्भगवदगीता के समक्ष पुष्प अर्पित किए। यहां पहुंचने पर एसडीएम दर्शन कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम के डिप्टी मेयर राजेश मेहता, भाजपा पदाधिकारी सुंदर ढींगरा, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, संजीव गोयल टोनी, गुरप्रीत शाना, पिंकू सूद, अर्पित अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ने इस मौके पर जिला स्तरीय गीता जयती महोत्सव के सफलतापूर्वक आयोजन की सराहना करते हुए गीता महोत्सव की सभी को बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जीवन की सम्पूर्णता श्रीमदभगवदगीता में है। इसका प्रत्येक श्लोक जीवन की संपूर्णता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक मनाने का काम किया जा रहा है तथा विभिन्न सरकारों द्वारा भी कार्यक्रमों के माध्यम से गीता जयंती महोत्सव को मनाया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गीता जयंती महोत्सव का आयोजन कुरूक्षेत्र की पावन धरा पर होता है और अब श्रीमद्भगवदगीता को विश्व पटल पर पहचान भी मिली है। भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर युग में उपदेश दिए थे तथा बहुत सारे राजाओं, राष्ट्र अध्यक्षों के साथ-साथ विश्व के सुप्रसिद्ध हस्तियों ने भी श्रीमद्भगवदगीता की ताकत, ऊर्जा को महसूस करते हुए अपने संस्करणों में श्रीमद्भगवदगीता के बारे में लिखा है और बताया है।

#### प्रदर्शनी का अवलोकन किया

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री ने पंडाल में लगाए गए विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्रदर्शित स्टालों का भी अवलोकन किया। यहां पर उपस्थित स्टाफ को कहा कि जो भी व्यक्ति यहां पर आ रहा है उसे विभाग द्वारा जो सुविधाएं एवं योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है उस बारे उसे संपूर्ण जानकारी दें। इसके साथ-साथ एनजीओ द्वारा लगाए गए स्टालों की भी पूर्व राज्यमंत्री ने सराहना की। पूर्व राज्यमंत्री ने इस अवसर पर सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन भारी संख्या मे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और जानकारी प्राप्त की जिनमें स्कूली बच्चों के साथ-साथ अन्य लोग भी शामिल रहे। प्रदर्शनी स्थल पर हरिणावी वाद्य यंत्रों से सुसज्जित पार्टियों ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। नगाड़ा पार्टी व डेरू वादक व अन्य ने कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि सहित अन्य लोगों का स्वागत करते हुए अपनी बेहतर प्रस्तुति दी। आमजन इन पार्टियों के साथ सेल्फी लेते हुए दिखे और उन्होंने भी उनके साथ नृत्य करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। यहां पर उपस्थित स्कूली बच्चे भी नगाड़ा पार्टी की प्रस्तुति को देखकर काफी रोमांचित हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कलाकार भजन गायक एवं सूफी गायन कुलबीर सैनी द्वारा गीता का सार व अन्य प्रस्तुतियां दी गई।

#### कार्यक्रम मे ये रहे मौजूद

इस दौरान सूफी गायक कुलबीर सिंह ने मुरली कृष्णा दी, गोविंद बोलो, हरे गोपाल बोलो, हरे कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा, हरे-हरे की बेहतर प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार सन्नी स्वराज द्वारा भगवान श्री कृष्ण पर आधारित भजनों की बेहतर प्रस्तुति दी गई जिसमें काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे मन का मोहन मेरा दिलदार है, जुबां पे राधा-राधा नाम हो जाए, किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए की मनमोहक प्रस्तुति पेश की। इसी प्रकार अध्यापिका रीचा गुप्ता द्वारा रचित राधे-राधे जपे थे, मन की बाधा हटे, कृष्णा-कृष्णा कहते, मन की तृष्णा हटे की प्रस्तुति दी गई तथा भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित भजन की प्रस्तुति दी गई। उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर कलाकारों व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। मुख्य अतिथि ने इस मौके पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जरूरमंद लोगों के लिए उपलब्ध करवाए गए कंबल भी वितरित किए। मुख्यअतिथि ने इस अवसर पर सूफी कलाकार कुलबीर सैनी द्वारा रचित गीत को भी लांच किया। कार्यक्रम में मंच संचालन की बेहतरीन भूमिका अध्यापक राजेश ने बखूबी निभाई। डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, बीईओ सतबीर सैनी, प्रधानाचार्य प्रवीन, डीएसओ राम स्वरूप, सीडीपीओ सुमन दहिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व सामाजिक संस्थाओं के लोग मौजूद रहे।

#### गीता श्लोकों का उच्चारण

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस अवसर पर यह भी कहा कि स्वामी ज्ञानानंद महाराज के अथक प्रयासों से और प्रदेश सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से श्रीमद्भगवदगीता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने पूरे विश्व में 1 दिसंबर को प्रातः 11 बजे एक साथ गीता पाठ का जो आह्वान किया है। इस आह्वान में भारत व विश्व के कई देश इस आहवान में जुड़कर करोडों की संख्या में एक मिनट एक साथ गीता श्लोकों का उच्चारण करेंगे।

---

## नेशनल-इंटरनेशनल गेम्स में धाक जमा रहे प्रदेश के होनहार खिलाड़ी



अंबाला। खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम का अभिनंदन करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**अंबाला।** खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम रविवार को अंबाला शहर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रेम नगर स्थित पूर्व मंत्री असीम गोयल के निवास पर शिष्टाचार भेंट की। उनके साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

■ अंबाला शहर पहुंचने पर खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम का पूर्व मंत्री ने किया अभिनंदन

खेल राज्यमंत्री के पहुंचते ही पूर्व मंत्री असीम गोयल के निवास पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। गांव-गांव तक स्टेडियम, खेल मैदान और प्रशिक्षण सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने खेल राज्यमंत्री का स्वागत करते हुए सरकार की खेल नीति की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं के चलते आज हरियाणा देश के प्रमुख खेल राज्यों में शामिल हो चुका है। युवाओं को रोजगार और पहचान दिलाने में खेल बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों को लेकर भी चर्चा की गई। अंत में सभी ने एकजुट होकर पार्टी को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

---

*फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों ने मुश्किल से आग पर पाया काबू, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना, अचानक धुआं उठने के बाद निकली भीषण लपटें*

# बोतल फैक्टरी में भीषण आग से लाखों रुपये की मशीनरी व कच्चा माल जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साहा

गांव केसरी में शनिवार देर रात एक प्लास्टिक बोतल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज़ी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्ट्री के गोदाम को आग की लपटों ने घेर लिया। हादसे में लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर दौड़ पड़ीं और करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताते हैं कि इस फैक्ट्री में प्लास्टिक की बोतलों का उत्पादन होता है, जिसे आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई किया जाता है। घटना के समय फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था जिससे बड़ा हादसा टल गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के लगभग 10 बजे के आसपास फैक्ट्री के अंदर से धुआं उठना शुरू हुआ। कुछ ही देर में भीषण आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग का दायरा बहुत बड़ा था। ऐसे में साहा के अलावा अंबाला कैंट, बराड़ा और अंबाला शहर से भी दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। कुल छह दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू हुआ। एसएचओ साहा भी पुलिस टीम के साथ फैक्ट्री पहुंच गए। आग लगने के तुरंत बाद गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए और दमकल कर्मियों को सहयोग देने लगे। कुछ ग्रामीणों ने फैक्ट्री के बाहर स्टॉक में रखे सामान को दूसरी जगह शिफ्ट करने की कोशिश की ताकि नुकसान को कम किया जा सके। हालांकि आग इतनी तेज थी कि गोदाम में रखी तैयार प्लास्टिक बोतलें और कच्चा माल सब जल गया।



अंबाला। फैक्टरी में आग लगने का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

#### जिला प्रशासन ने मौके का किया निरीक्षण

जांच के अनुसार, फैक्ट्री में लगे उपकरणों और बिजली के कनेक्शन ने भी आग को और फैलाने में भूमिका निभाई।दमकल विभाग और पुलिस ने प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई है। हालांकि आग लगने का सही कारण जानने के लिए विस्तृत जांच जारी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, फैक्ट्री में विद्युत प्रणाली पुरानी थी और कई बार कर्मचारियों ने सुरक्षा संबंधित चिंताएं जताई थीं। घटना के बाद जिला प्रशासन ने मौके का निरीक्षण किया और नुकसान का अनुमान लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि लाखों रुपए की मशीनरी, स्टॉक और कच्चा मटेरियल आग में जल गया। फिलहाल प्रभावित क्षेत्र को सील कर दिया गया है और सुरक्षा कारणों से किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही।

---

## आईएएस संतोष को नौकरी से हटाए जाने की मांग, ब्राह्मण समाज में रोष

■ भगवान श्री परशुराम मंदिर के प्रांगण में ब्राह्मण समाज की हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भगवान श्री परशुराम मंदिर प्रांगण में रविवार को ब्राह्मण समाज की अहम बैठक हुई जिसमें समाज द्वारा आईएएस संतोष वर्मा की टिप्पणी के खिलाफ कार्रवाई करने बारे लिया निर्णय लिया गया। वर्मा की गलत भाषा शैली में की गई टिप्पणी को लेकर पूरे ब्राह्मण समाज में भारी रोष है। वर्मा के खिलाफ रोष प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं। मीटिंग के उपरांत सर्वसम्मति से पारित निर्णय अनुसार प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मध्यप्रदेश सरकार को आईएएस संतोष वर्मा को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की गई। मीटिंग में साफ कहा गया कि जब तक ब्राह्मण समाज आईएएस को नौकरी से नहीं हटाता तब तक वे चुप नहीं बैठेंगे। क्योंकि सस्पेंड करने के बाद फिर बहाल कर दिया जाता है। ऐसे घटिया मानसिकता सोच रखने वाले शासन में कार्यरत अधिकारी को नौकरी से तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए ताकि देश उन्नति कर सके और ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।



अंबाला। मीटिंग में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग।

## गांव मिल्कधन कोटा में पुरानी मस्जिद के मलबे को हटाने पर एतराज जताया




अंबाला। मस्जिद का ढहाया हिस्सा व थाने में एकजुट मुस्लिम समाज के लोग व ग्रामीण।

**मुलाना।** गांव मिल्कधन कोटा में पुरानी मस्जिद के मलबे को बिना किसी सूचना के हटाने पर मुस्लिम समुदाय ने कड़ा एतराज जताया। मस्जिद की पुरानी जर्जर छत और कुछ दीवारें गिर चुकी थीं, जिन्हें गांव के कुछ लोगों ने सामूहिक रूप से ट्रैक्टर व जेसीबी की मदद से हटाना शुरू किया। इसी दौरान रविवार करीब 11 बजे मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग जो आस-पास के गांवों से पहुंचे थे ने आपत्ति जताई और 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना था कि बिना समुदाय की अनुमति और हरियाणा वक्फ बोर्ड की परमिशन के मलबा उठाना सही नहीं है। सूचना मिलने पर थाना मुलाना प्रबंधक प्रमोद राणा व ग्राम सरपंच रीना के पति विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत की। गांव के मौजिज लोगों ने आश्वासन दिया कि मस्जिद की जगह को किसी प्रकार की क्षति नहीं होने दी जाएगी। दोपहर बाद दोनों पक्ष थाने में पंहुचे थे।

---

**परीक्षा** 3874 विद्यार्थियों ने करवाया था पंजीकरण,परीक्षा उत्तीर्ण करने पर चार साल में मिलेंगे 48,000 रुपये

# छात्रवृत्ति योजनाः सभी केंद्रों पर परीक्षा नकल रहित संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पंजीकृत विद्यार्थियों की बहुत ही प्रतिष्ठित परीक्षा सभी परीक्षा केंद्रों में पूर्णतया नकल रहित और सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली निर्धन बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा रविवार को सरकारी स्कूलों के आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले ऐसे बच्चों, जिन्होंने सातवीं कक्षा कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो और जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय साढ़े तीन लाख रुपए से अधिक न हो के लिए इस लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है। इसे उत्तीर्ण करने पर इन बच्चों को चार वर्षों के लिए 12000 रुपए प्रतिवर्ष की दर से कुल 48000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। इस परीक्षा के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा जिले में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें से 9 अंबाला शहर में और 4 अंबाला कैंट में थे। इस परीक्षा के सफल, नकल रहित एवं पारदर्शी संचालन हेतु बोर्ड, जिला एवं खंड स्तर पर भी उड़नदस्तों का गठन किया गया था। बोर्ड से आधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला गणित विशेषज्ञ एवं स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा नकल रहित एवं सफल संपन्न हुई।



अंबाला। परीक्षार्थियों की गतिविधियां को जांचते जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा।

#### फरवरी तक परिणाम आने की संभावना

कालड़ा ने बताया कि इस परीक्षा के अंतर्गत पिछले वर्ष जिले के 101 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। इन 101 विद्यार्थियों को 4 वर्षों तक 12,000 रुपये प्रतिवर्ष की दर से कुल 48,000 रुपये की राशी छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष इस परीक्षा के लिए जिले से नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले 3874 विद्यार्थियों नें पंजीकरण करवाया था। कुल 3338 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया है जिसका परिणाम फरवरी मास तक आने की संभावना है।

---

## मोक्षदा एकादशी पर घर में हवन करने से आती है सुख व शांतिः पंडित पंकज



अंबाला। हवन के दौरान मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

**अंबाला।** भगवान श्री परशुराम मंदिर, पीपली बाजार में रविवार को मासिक हवन यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। हवन में मंत्रोच्चारण पंडित पंकज डिमरी ने किया। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर, 2025 से कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है, जो गीता उपदेशों के माध्यम से शांति, ज्ञान और धर्म का संदेश देता है। पंडित डिमरी ने कहा कि मोक्षदा एकादशी इस वर्ष 1 दिसंबर को रखी जाएगी। इस दिन हवन यज्ञ करना अत्यंत शुभ माना जाता है, जिससे घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि हवन से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। इस व्रत के पालन से पितरों की मुक्ति और जीवन में शांति की प्राप्ति माना जाता है। मंदिर के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने बताया कि मंदिर का स्थापना दिवस 28 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। हवन कार्यक्रम में महेश दत्त वशिष्ठ, जुगल किशोर शर्मा, अविनाश पुरी मौजूद रहे।